चरखी दादरी को मिली करीब 1100 करोड़ रुपए की सौगात

चर्चा में क्यों?

8 जुलाई, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चरखी दादरी ज़िले को करीब 1100 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी है, उनमें करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने जा रहे निमड़-बडेसरा पेयजल प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी शामिल है।
- कस्बा बौंद में महाविद्यालय का नया भवन बनाने की मांग भी उन्होंने पूरी की है। इस कॉलेज की बिल्डिंग निर्माण पर 16 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत आएगी।
- मुख्यमंत्री ने 36 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुए सिरसली जलघर, 5 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से बने दादरी फायर स्टेशन, करीब 18 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार दादरी-महेंद्रगढ़ रोड का उद्घाटन भी किया।
- इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने 2 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से बनी हड़ौदी माईनर, 2 करोड़ रुपए की लागत से बने छपार-रामपुरा लिंक रोड, 1 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से बनी लोहारू फीडर व गाँव सांवड़ में 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बने 50 बिस्तरों के हॉस्पिटल का भी उद्घाटन किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/charkhi-dadri-got-a-gift-of-about-rs-1100-crore